दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 01／06／2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधान सभा चुनाव से पहले व्यापक प्रशासनिक फेरबदल। राज्य भर में लगभग आधे जिलाधिकारी बदले गये।

02 बिहार भाजपा ने नई प्रदेश कार्यसमिति का गठन किया। विधान परिषद सदस्य प्रमोद चंद्रवंशी उपाध्यक्ष बने।

03. बिहार महादलित और मछुआरा आयोग को नये अध्यक्ष मिले।

04. और, मौसम विभाग ने आज तेरह जिलों में बारिश और वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की।

———————————————————————

राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले व्यापक प्रशासनिक फेरबदल किये गये हैं। सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों का तबादला कर दिया है। कई आईएएस अधिकारियों को पदोन्नती देते हुए नये स्थानों पर पदस्थापित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के अनुसार पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह को प्रमोशन देते हुए पटना प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रौशन को सारण प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। वहीं, गया के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम. को पटना, नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर को गयाजी, सुपौल के जिलाधिकारी कौशल कुमार को दरभंगा, मधुबनी के जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा को मुंगेर का जिलाधिकारी बनाया गया है। कैमूर के जिलाधिकारी सावन कुमार को सुपौल और बांका के जिलाधिकारी अंशुल कुमार को पूर्णिया का डीएम बनाया गया है। इसके अलावा कई अपर सचिव स्तर के अधिकारियों को विभिन्न जिलों के जिलापदाधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में फेरबदल करते हुये पैंतीस सदस्यीय नयी प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है। बिहार भाजपा की ओर से नये प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी की गयी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि पदाधिकारियों की सूची में तेरह प्रदेश उपाध्यक्ष, चौदह प्रदेश मंत्री, पांच प्रदेश महामंत्री, कोषाध्यक्ष और दो सह कोषाध्यक्ष शामिल हैं। इसके साथ ही प्रभारी और सह प्रभारी के नामों की भी घोषणा की गयी है। प्रदेश भाजपा की नई टीम

में विधान पार्षद प्रमोद चन्द्रवंशी, वरिष्ट नेता राजेन्द्र सिंह, अमृत भूषण, डॉक्टर धर्मशीला गुप्ता और सरोज रंजन समेत कई लोगों को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है।

————————————————————————

राज्य सरकार ने महादलित आयोग, अनुसूचित जाति आयोग और मछुआरा आयोग का गठन कर दिया है। कटिहार के मनोज कुमार को महादलित आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वैशाली के राम नरेश कुमार, भोजपुर के राम ईश्वर रजक, पटना के अजीत कुमार चौधरी और मुंगेर के मुकेश मांझी को महादलित आयोग का सदस्य बनाया गया है। वहीं, देवेन्द्र कुमार को राज्य अनुसूचित जाति आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इधर, सरकार ने बिहार राज्य मछुआरा आयोग का फिर से गठन किया है। पूर्वी चम्पारण जिले के ललन कुमार को मछुआरा आयोग का अध्यक्ष और जबकि बक्सर के अजीत चौधरी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार इन सभी का कार्यकाल योगदान की तिथि से तीन वर्ष का होगा।

————————————————————————

राज्य में नगर निकाय चुनाव और उपचुनाव को लेकर अब तक उनतालीस नामांकन पत्र दाखिल हुये हैं। राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें अठारह पुरूष और इक्कीस महिला उम्मीदवार शामिल हैं। नामांकन पत्र पांच जून तक दाखिल करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। आयोग ने बताया कि उम्मीदवार आयोग की वेब साईट पर जाकर अभ्यर्थी कॉर्नर के तहत ऑन लाईन नोमिनेशन कर सकते हैं। गौरतलब है कि निकाय चुनाव के अन्तर्गत मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद और वार्ड पार्षद के चुनाव होने हैं। नगर निकाय उपचुनाव के लिए अट्ठाईस जून को मतदान होगा जबकि मतगणना तीस जून को होगी।

————————————————————————

एनटीपीसी बाढ़ ने बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत परियोजना क्षेत्र के आसपास के गांवों के चालीस बालिकाओं के लिए निःशुल्क आवासीय कार्यशाला की शुरुआत की है। इसके तहत विभिन्न सरकारी स्कूलों की बच्चियों का कौशल विकास किया जा रहा है। एनटीपीसी बाढ़ के कार्यकारी निदेशक जी. श्रीनिवास राव ने बताया कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत सर्वांगीण विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

———बाइट———

चार सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में बालिकाओं को गणित, अंग्रेजी, हिंदी, पर्यावरण विज्ञान आदि जैसे विषय पढ़ाये जा रहे हैं। छात्राओं को कराटे, योग, कंप्यूटर और व्यक्तित्व विकास संबंधी प्रशिक्षण भी मिल रहा है। अभियान के दौरान छात्राओं को

छात्रावास एवं पौष्टिक आहार की सुविधा भी प्रदान की जायेगी। बच्चियों के अभिभावक भी इस कार्यक्रम के लिए चुने जाने पर काफी प्रसन्न हैं।

———————————————————————

परिवहन विभाग ने वाहन के प्रदूषण प्रमाण पत्र बनवाने के नियम में बदलाव किया है। विभाग के एक आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वाहन चालक को अपने ड्राईविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र में मोबाईल नम्बर अपडेट कराना होगा। नम्बर अपडेट होने पर ही वाहनों का प्रदूषण प्रमाण पत्र बनेगा। परिवहन विभाग ने उन सभी वाहनों के प्रदूषण प्रमाण पत्रों पर रोक लगा दी है, जिनके मालिक और चालक ने रजिस्ट्रेशन और ड्राईविंग लाइसेंस में मोबाईल नम्बर अपडेट नहीं किये हैं। साथ ही ड्राईविंग लाईसेंस और रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र पर नाम और अन्य त्रुटि होने पर भी प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं निर्गत किये जायेंगे।

———————————————————————

प्रदेश के साईबर अपराधी ठगी के मामले में अब बिना पैन कार्ड वाले खातों में लेन–देन पर कार्रवाई की जायेगी। आयकर विभाग सहित केन्द्रीय एजेंसियों की जांच में मनी लॉन्ड्रिंग और साईबर ठगी की राशि के लेन–देन में बैंकों को सचेत किया गया है। साथ ही गैर कानूनी रूप से खातों के इस्तेमाल की आशंका को देखते हुये ऐसे खातों की सत्यापन प्रक्रिया के मानक को सख्त करने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि वर्ष दो हजार चौबीस तक पूरे प्रदेश से पचहत्तर हजार से अधिक साईबर ठगी की शिकायतें दर्ज की गयी है।

———————————————————————

गुवाहाटी और हैदराबाद के लिए आज से पटना हवाई अड्डे पर दो जोड़ी नये उड़ानों की सुविधा शुरू होगी। एयर इंडिया की फ्लाईट पटना से गुवाहाटी के लिए शाम तीन बजकर पैंतालीस मिनट पर और पटना से हैदराबाद के लिए रात नौ बजे उड़ान भरेगी। इसके साथ ही पटना हवाई अड्डा से एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानों की संख्या बढ़कर ग्यारह हो गयी।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीवान, सारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली और शिवहर समेत तेरह जिलों में बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया है। वहीं, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर, खगड़िया और किशनगंज जिले के कई स्थानों पर तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की सम्भावना है। मौसम विभाग ने आज किशनगंज और अररिया जिले के एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना भी जताई है।

———बाईट———

————————————————————————————————————

नेपाल के पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही भारी बारिश से प्रदेश की कई नदियां उफान पर है। किशनगंज में कनकई, बूढ़ी कनकई, रेतुआ, गोरिया, अररिया में नूना, बकरा और मुजफ्फरपुर में बागमती नदी उफान पर है। बागमती नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। कई निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। इधर, कोसी क्षेत्र में बाढ़ के खतरे को देखते हुये जल संसाधन विभाग ने अभियंताओं और कर्मचारियों की छुट्‌टी रद्द कर दी है।

————————————————————————————————————

प्रदेश में कोरोना के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना में कोविड के चार नये मामले की पुष्टि हुई है। इनमें आईजीएमएस की एक महिला डॉक्टर शामिल है। पटना में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर इक्कीस हो गयी है। इधर, कोविड के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य विभाग की ओर से कल अस्पतालों में ऑक्सीजन अवसंरचना का मॉकड्रिल किया गया। इस दौरान ऑक्सीजन प्लांट की कार्यक्षमता के साथ ऑक्सीजन की गुणवत्ता और प्रेशर की जांच की गयी।

————————————————————————————————————

पटना की विशेष अदालत ने नौबतपुर के पूर्व पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार राय को दो मामलों में दोषी करार देते हुये चार वर्ष और तीन वर्ष की सजा सुनाई है। दोषी दारोगा पर रिश्वत मांगे जाने से संबंधित है। दोनों सजा साथ–साथ चलेगी। इधर, सीबीआई की विशेष अदालत ने रिश्वतखोरी के एक मामले में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पटना स्थित राजवंशी नगर शाखा के तत्कालीन कैशियर रंजीत कुमार सिंह को दो वर्ष कैद की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर चालीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है। वहीं, बैंक से फर्जीवाड़े और जालसाजी के एक अन्य मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने पटना के अनिसाबाद निवासी दम्पति को तीन साल की सजा सुनाई है। इन दोनों पर पचहत्तर–पचहत्तर हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

————————————————————————————————————

भोजपुर पुलिस की नवादा थाना और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो किलो एक सौ सात ग्राम हेरोइन बरामद किया है। धावा दल ने तस्करों के पास से लेन–देन से संबंधित डायरी, कुछ कागजात, एक कार, नकद राशि और अन्य सामग्री बरामद किया है। पुलिस ने तस्करों की निशानदेही पर एक घर पर भी छापेमारी की

कार्रवाई की है। एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि इस मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

प्रसिद्ध क्रिकेट अंपायर सुरेंद्र सिंह की मधुबनी जिले के बेनीपट्टी में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। वे झंझारपुर के स्थाई निवासी थे। उन्होंने बिहार में कई क्रिकेट मैचों में अंपायरिंग की। उनके निधन से क्रिकेट जगत में शोक की लहर है।

———————————————————————

राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए आठ हजार अठारह पंचायतों में शीघ्र ही खेल मैदान तैयार करेगी। मनरेगा योजना के तहत अब तक तीन हजार उनासी पंचायतों में खेल मैदान बन चुके हैं जबकि शेष मैदानों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट के दूसरे क्लावीफायर में, आज अहमदाबाद में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का सामना पंजाब किंग्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। मैच की विजेता टीम मंगलवार को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी। मुंबई इंडियंस ने अब तक पांच खिताब जीते हैं जबकि पंजाब ने एक बार भी खिताब नहीं जीता है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा आज दुनिया राष्ट्र रक्षा में भारत की बेटियों का सामर्थ देख रही है।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है– नेपाल में बारिश से बिहार में कई नदियां उफनाई।

दैनिक जागरण का शीर्षक है– बिहार के विश्वविद्यालयों में ऑनलाईन पढ़ाई की सुविधा।

प्रभात खबर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाडेंय के हवाले से लिखता है– प्रदेश में पन्द्रह दिनों में सात सौ बाईस डॉक्टरों को किया जायेगा बहाल। तीन महीने में पूरी होगी आठ हजार पांच सौ डॉक्टरों की बहाली।

आज अखबार का शीर्षक है– इंटर की कम्पार्टमेंटल में बेटियों का परचम। मैट्रिक की कम्पार्टमेंटल और विशेष परीक्षा के भी नतीजे जारी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधान सभा चुनाव से पहले व्यापक प्रशासनिक फेरबदल। राज्य भर में लगभग आधे जिलाधिकारी बदले गये।

02 बिहार भाजपा ने नई प्रदेश कार्यसमिति का गठन किया। विधान परिषद सदस्य प्रमोद चंद्रवंशी उपाध्यक्ष बने।

03. बिहार महादलित और मछुआरा आयोग को नये अध्यक्ष मिले।

04. और, मौसम विभाग ने आज तेरह जिलों में बारिश और वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।